## एक नजर में

### जेएलआर इंडिया ने लॉन्च किया नया अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम

**इंदौर**. जेएलआर इंडिया ने आज अपने अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम और बेहतर फाइनैंसिंग समाधानों को पेश करने की घोषणा की है. इन्हें देश भर में ग्राहकों के लिए रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी गाड़ियों की ओनरशिप को ज़्यादा सहज, अनुमान लगाने योग्य और सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इस प्रोग्राम के तहत अब योग्य ग्राहक ओनरशिप की प्रत्यास्थ अवधि के साथ एक्स-शोरूम कीमत के 55 प्रतिशत तक न्यूनतम अश्योर्ड बायबैक वैल्यू का लाभ उठा सकते हैं. जेएलआर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राजन अम्बा ने कहा अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम वाहन की फ्यूचर वैल्यू की गारंटी देकर लक्ज़री गाड़ी की खरीद के अनुभव को ज़्यादा भरोसेमंद बना देता है. इसके अलावा, एक्सक्लुज़िव फाइनैंसिंग समाधान इस प्रोग्राम को और बेहतर बनाते हैं, जिससे ग्राहकों को ज़्यादा फाइनैंशियल प्रत्यास्थता और भरोसा मिलता है. जेएलआर इंडिया में, हम लग्ज़री गाड़ी की खरीद के अनुभव को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सिर्फ़ गाड़ी तक ही सीमित नहीं रहता.

### मेगा कॉन्क्लेव इमर्जिंग छत्तीसगढ़ का आयोजन

**इंदौर**. सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश थीम पर रायपुर में एनडीटीवी (एमपी-सीजी) का मेगा कॉन्क्लेव इमर्जिंग छत्तीसगढ़ का आयोजन हुआ, जिसमें लोक कला,संस्कृति, निवेश, विकास, महिला उत्थान,नक्सलमुक्त बस्तर और मौजूदा राजनीति पर बेबाकी से सवाल जवाब का सेशन हुआ. इस भव्य मंच पर ना सिर्फ राजनीति बल्कि कला और सामाजिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की. इसमें महतारी शक्ति,नए छत्तीसगढ़ की शक्ति सेशन हुआ,जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सीधा संवाद हुआ. सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि नए धर्मांतरण कानून में जबरन धर्मांतरण कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. कॉन्क्लेव में नारी नेतृत्व और समृद्ध छत्तीसगढ़ सेशन भी हुआ ,जिसमें महिला एंव बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े,रायपुर की मेयर मीनल चौबे और आर .संगीथा शामिल रहीं,जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और उनसे संबंधित योजनाओं पर चर्चा हुई. इसके बाद विकास से विश्वास तक का सेशन चला, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सवालों के जवाब दिए.

### स्कोडा ने स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का विस्तार किया

**इंदौर**. स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प- शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं. ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं. केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिज़ाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की रालये मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं. लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा स्लाविया मोंटे कार्लो को उसके विशिष्ट डिज़ाइन, प्रीमियम आकर्षण, रोमांचक ड्राइविंग डायनेमिक्स और हमारी मोटरस्पोर्ट विरासत से मजबूत जुड़ाव के लिए ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है. हम मोंटे कार्लो रेंज की विशिष्ट पहचान और आकर्षण को और अधिक सशक्त बना रहे हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक विकल्प और विशिष्टता मिल सके. स्लाविया मोंटे कार्लो लगातार स्टाइल, प्रदर्शन और आधुनिकता का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करती है.

### फ़ोर्स मोटर्स ने लॉन्च की नई अर्बानिया डीलक्स

**इंदौर**. फ़ोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज अपनी नेक्स्ट-जनरेशन शेयर्ड मोबिलिटी प्लेटफॉर्म की एक नई प्रीमियम पेशकश अर्बानिया डीलक्स को लॉन्च किया. अर्बानिया प्लेटफॉर्म की सफलता को आगे बढ़ाते हुए नई अर्बानिया डीलक्स को यात्रियों के आराम को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. यह बेहतर परफॉर्मेंस, प्रीमियम इंटीरियर और अत्याधुनिक तकनीक के साथ यात्रा का और भी शानदार अनुभव देगी. नई अर्बानिया डीलक्स के लॉन्च पर फ़ोर्स मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रसन फिरोदिया ने कहा अर्बानिया के जरिए हमने भारत में प्रीमियम शेयर्ड पैसेंजर मोबिलिटी को एक नई परिभाषा दी और एक नया वर्ग तैयार किया, जिसे भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी काफी पसंद किया गया. इसकी सफलता बेहतरीन आराम, सुरक्षा और आधुनिक इंजीनियरिंग का मेल पसंद करने वाले ग्राहकों की बढ़ती मांग को दर्शाती है.

### जीसीएल ब्रोकिंग ने मध्यप्रदेश में किया विस्तार

**इंदौर**. स्टॉक ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी जीसीएल ब्रोकिंग ने मध्यप्रदेश में अपने विस्तार को नई गति देते हुए इंदौर में दो, भोपाल में एक तथा ग्वालियर में एक नई शाखा का शुभारंभ किया है. इन नई शाखाओं के साथ कंपनी अब प्रदेश के निवेशकों को आधुनिक, विश्वसनीय एवं व्यक्तिगत वित्तीय सेवाएँ और अधिक सुलभ रूप से उपलब्ध कराएगी. जीसीएल ब्रोकिंग पिछले दो दशकों से निवेशकों को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉन्ड, कमोडिटी, करेंसी, इंश्योरेंस, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट तथा अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान कर रही है. जीसीएल ब्रोकिंग के सीईओ रवि सिंघल ने कहा मध्यप्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है. इंदौर, भोपाल और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में नई शाखाओं की शुरुआत हमारे हर निवेशक तक गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के संकल्प का हिस्सा है. हमारा लक्ष्य तकनीक और विशेषज्ञ सलाह के माध्यम से निवेशकों को दीर्घकालिक वित्तीय सफलता की दिशा में सशक्त बनाना है.

### अमेजन ग्लोबल सेलिंग से अंतरराष्ट्रीय ग्राहक मिले

**इंदौर**. भारत का टेक्सटाईल उद्योग पूरी दुनिया में अपने पैर फैला रहा है। हैंडीक्राफ्ट सहित कुल टेक्सटाईल एक्सपोर्ट वित्तवर्ष 2025-26 में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.16 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया. ईकॉमर्स एक्सपोर्ट द्वारा निर्माताओं और एमएसएमई के लिए निर्मित होते नए अवसरों के साथ एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग पर टेक्सटाईल कैटेगरी की जबरदस्त मांग दर्ज हुई है. एक्सपोर्ट में हो रही वृद्धि का लाभ उठाने वाले व्यवसायों में से एक इंदौर-स्थित एसजीआई बेडिंग है. यह छोटी सी कंपनी आज एक ग्लोबल होम फर्निशिंग बिजनेस में तब्दील हो गई है, जो एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग के माध्यम से मुख्य इंटरनेशनल मार्केट्स में बेड लिनेन और होम फर्निशिंग प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट करती है. एसजीआई बेडिंग के सफर में एक्सपोर्ट की हमेशा से मुख्य भूमिका है. एसजीआई बेडिंग की पैरेंट कंपनी, दित्वी एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं डायरेक्टर, सचिन सुले ने कहा, ''हमारा सफर क्वालिटी प्रोडक्ट्स बनाने और बिजनेस के हर पहलू में लगातार सुधार करने के जुनून के साथ आगे बढ़ता है।''

### 83% उपयोगकर्ता रिवॉर्ड्स के लिए बदल रहे हैं प्लेटफॉर्म

**इंदौर**. भारत के यूपीआई इकोसिस्टम अब रोजाना 66 करोड़ से अधिक लेनदेन प्रोसेस कर रहा है और ग्राहकों की वफादारी को बढ़ावा देने में इसमें एक बुनियादी बदलाव देखने को मिल रहा है. एम्पावर इंडिया द्वारा प्राथमिक और द्वितीयक शोध के आधार पर, से पता चला है कि 89% यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान ऐप चुनते समय रिवॉर्ड्स और कैशबैक पर विचार करते हैं. वहीं, 83% उपयोगकर्ता बेहतर रिवॉर्ड्स के लिए ऐप बदलने के लिए तैयार हैं, जबकि 94% लोग ऐप बदलते समय रिवॉर्ड्स को महत्वपूर्ण मानते हैं. 88% लोग बेहतर विकल्पों की पहचान करने के लिए यूपीआई ऐप्स की सक्रिय रूप से तुलना करते हैं. यह दर्शाता है कि रिवॉर्ड्स अब केवल प्रमोशनल प्रोत्साहन नहीं रह गए हैं, बल्कि भुगतान से जुड़े निर्णयों को प्रभावित करने वाला एक मुख्य कारक बन चुके हैं. इन निष्कर्षों पर एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के. गिरी ने कहा भारत ने दुनिया का एक सबसे बेहतरीन और तेज़ डिजिटल पेमेंट सिस्टम तैयार किया है. हमारी रिसर्च बताती है कि ग्राहक अब हर एक पेमेंट पर किसी न किसी फायदे की उम्मीद रखते हैं।इसीलिए रिवॉर्ड्स अब सिर्फ़ एक स्कीम नहीं, बल्कि पेमेंट करने का एक ज़रूरी हिस्सा बन चुके हैं।

### सेमसंग ने डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित की

**इंदौर**. अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के पांचवें एडिशन के तहत, सेमसंग इंडिया ने देश भर के 135 शहरों में अपनी डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित की हैं, जिससे युवाओं के लिए भारत का सबसे बड़ा ग्रासरूट इनोवेशन प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है. सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो एक देशव्यापी इनोवेशन और एजुकेशन कॉम्पिटिशन है. इस साल, सेमसंग ने 184 डिज़ाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित कीं, जिनमें जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और गुजरात से लेकर त्रिपुरा तक के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज़ के हज़ारों छात्र शामिल हुए. सेमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा हर बड़ी कामयाबी की शुरुआत सुनने, देखने और सही सवाल पूछने से होती है. सेमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के ज़रिए, हम पूरे भारत के युवाओं में ऐसी सोच विकसित करने में मदद कर रहे हैं, जिसमें वे टेक्नोलॉजी के साथ डिज़ाइन थिंकिंग का इस्तेमाल करके अपने समुदायों की अहम चुनौतियों का समाधान कर सकें. इस प्रोग्राम के पांचवें साल में, देश के हर कोने से नए और अनोखे आइडिया सामने आते देखना बहुत प्रेरणादायक है. हमारा मानना है कि अगली पीढ़ी के उद्यमी और प्रौद्योगिकी के नेता देश के किसी भी कोने से उभर सकते हैं.

# सीएम और एक्स सीएम की चर्चा से नए राजनीतिक समीकरण पैदा होने की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गुरुवार को इंदौर एयरपोर्ट पर पूर्व ओर वर्तमान मुख्यमंत्री के बीच चर्चा और कानाफूसी से राजनीतिक माहौल गर्माया गया है. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक चर्चा हुई. इस के दौरान दिग्विजय सिंह ने सावन को चुनाव लड़ने और तुलसी का टिकट कांटे जाने की बात बोलकर राजनीतिक हलकों में नई कवायद शुरू करवा दी.**





आज इंदौर एयरपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह पुणे जाने के लिए पहुंचे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव का इंदौर एयरपोर्ट पर बाहर आने के लिए आमना सामना हो गया. दोनों ने एक तरफ जाकर पहले चर्चा की. इसके बाद दोनों ने धीमे स्वर में कान में एक-दूसरे को कुछ कहा. मुख्यमंत्री की अगवानी के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला और अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सावन सोनकर भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे.

### महापौर से कहा- वाल्मीकि समाज के लोगों से मिलो

दिग्विजय ने महापौर से कहा कि भंवरकुआ चौराहे पर छात्र और रीगल चौराहे पर बाल्मीकि समाज के लोग धरने पर बैठे हैं, उनसे जाकर मिलो, मैं मिलकर आया हूं. इसके बाद दिग्विजय सिंह ने सावन सोनकर को कहा कि सांवेर से तैयारी शुरू कर दो. तुलसी को इस बार टिकट नहीं मिलेगा, उसका टिकट कटेगा. यह बात अलग है कि दोनों नेताओं के बीच कानाफूसी की जानकारी बाहर नहीं आई, लेकिन राजनीतिक हलकों में दोनों का आपस में देर तक बात करना नए राजनीतिक समीकरण जरूर पैदा कर गया.

# हॉस्टल पर चला निगम का बुलडोजर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम गुरुवार को खातीवाला टैंक में आवासीय अनुमति पर गलत निर्माण को लेकर कार्रवाई की. भवन मालिक द्वारा आवासीय स्वीकृति पर हॉस्टल का निर्माण किया गया था. निगम ने उक्त मकान पर रिमूवल कार्रवाई कर अवैध निर्माण तोड़ दिया.**

आज नगर निगम झोन 12 में गुरु गोविंद सिंह जी उद्यान के पास 218 खातीवाला टैंक पर आवासीय अनुमति के विपरीत व्यवसायिक निर्माण करने की शिकायत मिली थी. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने क्षेत्रीय भवन अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे. जांच में खातीवाला टैंक स्थित 218 नंबर प्लॉट पर 12 से 13 कमरे का हॉस्टल बनाया गया था. साथ ही मौके पर हॉस्टल के फ्रंट, साइड एवं बैक एवं फुटपाथ पर भी अवैध निर्माण करना पाया गया. आज नगर निगम रिमूवल विभाग ने उक्त हॉस्टल के फ्रंट एवं साइड एमओएस तथा फुटपाथ पर से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई. इस दौरान भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी, भवन निरीक्षक अनुभूति मडावी एवं रिमूवल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

**आवासीय अनुमति पर गलत निर्माण**




# वैदिक गणित के सरल तरीकों को समझाया



**इंदौर.** जीवन उमंग बालिका छात्रावास में एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. प्रगति जैन ने छात्रावास की बालिकाओं को वैदिक गणित एवं करियर काउंसलिंग विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया. सत्र के दौरान उन्होंने वैदिक गणित के सरल एवं प्रभावी तरीकों को समझाया, जिससे गणित के प्रश्नों को कम समय में एवं सहजता से हल किया जा सकता है. बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक इन विधियों को सीखा और अभ्यास किया. इसके साथ ही करियर काउंसलिंग सत्र में विभिन्न विषयों के चयन, उनके भविष्य के अवसरों तथा करियर विकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बालिकाओं को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर विजय कुमार जैन एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, मन्डौत सिक्योरिटीज़ की उपस्थिति रही.

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते नहीं निकल सकी स्टूडेंट्स जस्टिस मार्च व न्याय यात्रा

नवभारत न्यूज

इंदौर. दिल्ली में छात्रों और युवाओं पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई एवं लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को इंदौर में नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) द्वारा प्रस्तावित स्टूडेंट्स जस्टिस मार्च एवं न्याय यात्रा 3.0 पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते शुरू होने से पहले ही रुक गई.

संगठन के अनुसार यह मार्च दीनदयाल गार्डन भोलाराम उस्ताद मार्ग से महात्मा गांधी प्रतिमा, रीगल स्क्वेयर तक निकाला जाना था. प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था कर दी थी. बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया, जिसके कारण मार्च आगे नहीं बढ़ सका. बताया गया कि पुलिस ने संगठन के कई पदाधिकारियों और छात्र नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया. संगठन का दावा है कि राधे जाट और सुरेंद्र यादव को पहले ही हिरासत में लिया गया था, गुरुवार सुबह यात्रा का नेतृत्व कर रहे अन्य छात्र नेताओं को भी अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया. इसके बाद प्रस्तावित मार्च आयोजित नहीं हो सका. कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम पुलिस अधिकारयों द्वारा किए गए थे. इसी के तहत संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन पर नजर रखी गई.






### आवाज दबाने दमनात्मक कार्रवाई की

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों को रोकना उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है. संगठन ने आरोप लगाया कि युवाओं की आवाज़ को दबाने के लिए दमनात्मक कार्रवाई की गई.

# माता-पिता के अकेलेपन व प्रतीक्षा को मंच पर किया जीवंत

**इंदौर.** आनंद मोहन माथुर की जन्मजयंती पर आनंद मोहन माथुर सभागृह में मार्मिक नाटक 'संध्या छाया' का मंचन किया गया. यह नाट्य सुप्रसिद्ध मराठी नाटककार जयवंत दलवी द्वारा लिखित एवं संदीप दुबे द्वारा निर्देशित है.

'संध्या छाया' आज के दौर में बदलते सामाजिक परिवेश की एक ऐसी संवेदनशील कहानी है, जो उन वृद्ध माता-पिता की पीड़ा, अकेलेपन और प्रतीक्षा को मंच पर जीवंत करती है, जिनके बच्चे उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए विदेश जाते हैं और वहीं स्थायी रूप से बस जाते हैं. माता-पिता अपने बच्चों के लौटने की आस में दिन-प्रतिदिन उँगलियों पर समय गिनते रहते हैं. यह नाटक समाज के सामने एक कटु सत्य प्रस्तुत करते हुए पारिवारिक रिश्तों, भावनात्मक जुड़ाव और बुजुर्गों की उपेक्षा जैसे गंभीर विषयों पर सोचने के लिए प्रेरित करता है. संध्या छाया की कहानी जीवन के ढलते हुए समय और अकेलेपन की लंबी होती परछाइयों को दर्शाती है. नाटक का प्रकाश संयोजन ओम कुमार तथा संगीत संयोजन प्रिया झाला द्वारा किया गया.



### इन्होंने निभाई भूमिका...

मुख्य भूमिकाओं में संदीप दुबे (पिता), सपना जोशी (माँ), वेदांत विजयवर्गीय (बड़ा बेटा), ओपी सोमानी (दादा जी), देवेश श्रीवास्तव, आदित्य जैन, निर्मल जैन (पोस्टमैन), लावण्या साहू (शर्मीला) एवं पुलकित त्रिपाठी (नौकर) ने अपने अभिनय का जादू बिखेरा.



# नशे के दुष्प्रभाव से छात्रों को कराया अवगत

**इंदौर.** नशे से दूरी है बहुत ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत सुधा रामकृष्ण समिति द्वारा शासकीय संभागीय आई.टी.आई. इंदौर, बालक छात्रावास में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था.


इस अवसर पर हीरा नगर थाना के टी.आई. सुशील पटेल एवं उनकी पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही और विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा तथा नशे से दूर रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया. कार्यक्रम में प्राचार्य रीना सोलंकी एवं छात्रावास अधीक्षक हरीश कुमार उईके की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में समाजसेवी संजय तिवारी, खुशी जोशी, अधिवक्ता विनय तिवारी, अधिवक्ता सिरिल, पंकज दरबई, जय तिवारी, आरती शर्मा, विजय तिवारी, राघवेंद्र कुशवाहा तथा नीलिमा वर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई. कार्यक्रम की व्यवस्था समाजसेवी संजय तिवारी और हरि दर्शन सिंह द्वारा की गई.

# प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे 16 खिलाड़ी

**एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप**

इंदौर. मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन (एमपीबीएसए) के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप में गुरुवार को खेले गए दूसरे दौर के मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली.

आगम गंगवाल ने दिव्यप्रकाश को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की. वहीं अभिनव रघुवंशी ने आदित्य चतुर्वेदी को 2-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया. दिन के सबसे रोमांचक मुकाबलों में देवांग सिंह ने आर्यन तिवारी की कड़ी चुनौती के बावजूद 2-1 से जीत दर्ज की. सौरभ श्रीवास्तव ने वीरेंद्र शर्मा को 2-0 से पराजित कर प्री-क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया. अन्य मुकाबलों में अर्जन आनंद ने सुमित परदेशी को 2-0, प्रियंक जायसवाल ने निक्कु पिल्लई को 2-0, अनुराग गिरी ने सैय्यद हसन को 2-0 तथा पीयूष जायसवाल ने अमन गुप्ता को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया. एकेडमी इंचार्ज एवं मुख्य रेफरी सुजीत गेहलोत ने बताया कि चैंपियनशिप के अंतर्गत शुक्रवार से सीनियर बिलियर्ड्स स्पर्धा के मुकाबलों का भी शुभारंभ होगा.



# जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे...

## मुकेश के जन्मदिन पर 'सदाबहार मुकेश प्यार का एहसास' का आयोजन

**इंदौर.** महान प्लेबैक सिंगर स्वर्गीय मुकेश के जन्मदिन पर संस्था स्वरोधाम ने संगीतमय संध्या 'सदाबहार मुकेश प्यार का एहसास' का आयोजन किया. ढाई घंटे चली संगीत संध्या में 25 सदाबहार गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद संगीत प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया.

कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगर शंकर शर्मा ने लोकप्रिय गीत 'ये कौन चित्रकार है' से किया. इसके बाद उन्होंने श्रोताओं को समर्पित 'जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे' प्रस्तुत कर आत्मीय वातावरण बना दिया. राजेश्वरी ने अपनी सुमधुर आवाज़ से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और शंकर शर्मा के साथ प्रस्तुत उनका युगल गीत 'दो कदम तुम भी चलो, दो कदम हम भी चलें' खूब सराहा गया. ख्यात गायक सुनील मेहता ने 'तारों में सजके अपने सूरज से धरती चली मिलने' की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी. इसके बाद शंकर शर्मा के साथ उनका प्रस्तुत युगल गीत 'सात अजूबे इस दुनिया में, आठवीं अपनी जोड़ी' कार्यक्रम के यादगार पलों में शामिल रहा. शंकर शर्मा की प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं. लंबे समय से संगीत प्रेमियों की इच्छा थी कि वे एक बार फिर मुकेश के सदाबहार गीतों को मंच पर सुनें. श्रोताओं की फरमाइश पर वे एक के बाद एक गीत प्रस्तुत करते रहे और पूरा सभागार तालियों की गूंज से बार-बार भर उठता रहा. कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक विद्याधर मुले ने किया. उन्होंने अपने सहज और रोचक अंदाज़ में मुकेश के जीवन, उनके संघर्ष, संगीत यात्रा तथा उनके गीतों से जुड़े अनेक रोचक प्रसंग श्रोताओं के साथ साझा किए.




**एक नजर में** — सात विषयों पर हुई प्रतियोगिताएं

# संकल्प सुरक्षा-2026 में विद्यार्थियों ने सीखे सुरक्षा के गुर

**इंदौर.** स्टूडेंट पुलिस कैडेट स्थापना दिवस के मौके पर चिल्ड्रन सिक्योरिटी ग्रुप ने संकल्प सुरक्षा 2026 के दूसरे वर्ष और रिस्पेक्ट इंडिया इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, चाइल्ड सेफ्टी, साइबर अपराध और यातायात सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर जागरूक किया.

कार्यक्रम में सात अलग अलग विषयों पर प्रतियोगिताएं और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें करीब 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. आयोजकों ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना को दोबारा शुरू कराने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम के दूसरे चरण में एडिशनल डीसीपी (यातायात) विक्रम रघुवंशी ने प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर रिजर्व इंदौर एमपीपी ऑर्गेनाइजेशन की स्टेट ऑफिसर आरती मौर्य ने मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला प्रभारियों की नियुक्ति भी की.




# शोभायात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**इन्दौर. स्थानीय गीता भवन में गुरुवार को भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ. कथा के प्रथम दिन दोपहर तीन बजे मंगल कलश के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल (गीता भवन) पहुंची.**

कथा स्थल पर पहुँचकर प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत माहात्म्य एवं मंगलाचरण का पाठ विद्वतजनों द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया. इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास गोपाल कृष्ण शास्त्री महाराज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे. इस कथा का आयोजन चौखानी परिवार द्वारा किया जा रहा है. मुख्य आयोजक अनिरुद्ध चौखानी, विना अरुण चौखनी एवं समस्त चौखनी परिवार है.

